सफलता की कहानी

इंजीनियर बना उन्नत पशुपालक

- पशु पालक का नाम :– उमित साहू
- ग्राम:– गोजी, वि.ख.:– कुरूद, जिला – धमतरी

जिला धमतरी के विकासखंड कुरूद में ग्राम गोजी निवासी श्री उमित साहू पिता स्व. रामखिलावन साहू नवयुवकों के लिये प्रेरणस्त्रोंत का काम कर रहें हैं।

श्री उमित राम साहू ने अपनी बी.ई. (बायोटेक्नोलॉजी) पूर्ण करने पश्चात् पशु पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाया और अपनी शिक्षा का उपयोग पशुपालन के क्षेत्र में किया।

डेयरी व्यवसाय के शुरूआत में श्री उमित साहू के पास 40 देशी गाय थी जिनका कुल दुध उत्पादन 10 लीटर प्रतिदिन था।

पशुधन विकास विभाग जिला – धमतरी के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान तकनीक के उपयोग तथा राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजनांतर्गत वर्ष 2014–15 में 5.00 लाख के बैंक ऋण पर 10 दूधारू पशु कय किया।

प्रावधानित अनुदान लाभ प्राप्त कर उमित साहू द्वारा अपने डेयरी व्यवसाय को बढ़ाया गया। जिससे वर्तमान में उनके पास 47 पशु हो गये हैं, जिसमें एच.एफ. 13, गिर 2, जर्सी 05, साहीवाल 02, गायें, 12 बछिया एवं 13 बछवा है। जिसमें से वर्तमान में उनके पास 11 गायों से 80 लीटर दूध प्रतिदिन ले रहा है। जिसे वे छ.ग. दुग्ध महासंघ देवभोग में विकय करते है।

पशुओं के पोषण हेतु उमित साहू द्वारा एक एकड़ भूमि में नेपियर घास बोया गया है, जिसका उत्पादन 50 कि.ग्रा. प्रतिदिन

साथ ही अजोला उत्पादन, गौमूत्र उपचारित पैरा, यूरिया उपचारित पैरा कुट्टी का उपयोग वर्श भर कर रहा है जिससे पषु आहार की खपत कम हुई है। पशुओं के गोबर एवं मूत्र का उपयोग अपने जैविक खाद बनाने में करते हैं जिससे उनके कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है।

वर्ष 2016–17 में राज्य स्तरीय उन्नत कृषक पुरस्कार माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

उमित साहू के पास 50 एकड़ भूमि में से 10 एकड़ भूमि पर जैविक खेती कर रहा है एवं 40 एकड़ भूमि पर बायोपेस्ट स्वंय बनाकर अपने खेतों में कीटनाशक के रूप में उपयोग कर रहा है। जिससे कीटनाशक कय का लगभग 2.00 लाख रूपये की बचत हो रही है।

वर्ष 2016–17 में राज्य स्तरीय उन्नत कृषक पुरस्कार माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा सम्मानित किया गया

आज श्री उमित साहू जो एक इंजीनियर है अपने पशुपालन को अपनाकर अच्छा आय अर्जित कर क्षेत्र के लिये प्रेरणास्रोत बन रहें हैं।

धन्यवाद